दैनिक
WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

# मेरठ दर्पण

वर्षः 06 अंक 38 मेरठ, शनिवार 21 अगस्त, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का......




# यूपी अब पूरी तरह से अनलॉक



## ❑ सीएम योगी सरकार का बड़ा फैसला, रविवार को अब नहीं रहेगा लॉकडाउन
## ❑ खुले रहेंगे बाजार, मॉल, उद्योग और कारखाने, 15 जिले कोरोना मुक्त घोषित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अब साप्ताहिक लश्वक डाउन खत्म कर दिया गया है। अब रविवार को भी बाजार पूरी तरह खुलेंगे। अब केवल साप्ताहिक अवकाश को ही पूर्व व्यवस्था के अनुसार बाजार बंद रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज ये घोषणा की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां कोविड-19 प्रबंधन के लिये गठित टीम-09 की बैठक में कहा कि प्रदेश में कोविड की बेहतर होती स्थिति के मद्देनजर रविवार की प्रदेशव्यापी साप्ताहिक बंदी की व्यवस्था को समाप्त किया जा सकता है। अब से सभी शहरों,बाजारों,उद्योगों और कारखानों में कोविड काल से पूर्व में प्रभावी रही साप्ताहिक बंदी की तिथि पर अवकाश लागू किया जायेगा। उन्होने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर पर बने प्रभावी नियंत्रण के साथ-साथ जनजीवन तेजी से सामान्य हो रहा है। आज प्रदेश के 15 जिलों अलीगढ़, अमेठी, बदायूं, बस्ती, देवरिया फर्रुखाबाद, हमीरपुर,हरदोई, हाथरस, कासगंज, महोबा, मिर्जापुर, संतकबीरनगर, श्रावस्ती और शामली में कोविड का एक भी मरीज शेष नहीं है। यह जिले आज कोविड संक्रमण से मुक्त हैं। औसतन हर दिन ढाई लाख से अधिक टेस्ट हो रहें हैं, जबकि पश्वजिटिविटी दर 0.01 बनी हुई है और रिकवरी दर 98.6 फीसदी है। पिछ्ले 24 घंटे में हुई दो लाख 33 हजार 350 सैम्पल की टेस्टिंग में 58 जिलों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं पाया गया, जबकि 17 जिलों में इकाई अंक में मरीज पाए गए। वर्तमान में प्रदेश में एक्टिव कोविड केस की संख्या 408 रह गई है। प्रदेश में अब तक 07 करोड़ 01 लाख 69 हजार से अधिक कोविड सैम्पल की जांच की जा चुकी है, तो 06 करोड़ 24 लाख से अधिक वैक्सीन डोज लगाए जा चुके हैं। 05 करोड़ 26 लाख से अधिक प्रदेशवासियों ने कम से कम वैक्सीन की एक डोज प्राप्त कर ली है, जबकि टीके की दोनों डोज प्राप्त करने वालों की संख्या जल्द ही एक करोड़ के पार हो जाएगी। शनिवार का दिन, वैक्सीन की दूसरी डोज के लिए अर्ह लोगों के लिए आरक्षित रखें। पिछ्ले 24 घंटे में हुई टेस्टिंग में 26 नए मरीजों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में 23 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए। प्रदेश में अब तक 16 लाख 85 हजार 877 लोग कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर स्वस्थ हो चुके हैं। इस स्थिति को और बेहतर करने के लिए ट्रेस, टेस्ट और ट्रीट की नीति के अनुरूप सभी जरूरी प्रबंध किए जाएं।

## योगी मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द, लक्ष्मीकांत वाजपेयी, जितिन प्रसाद, सोनकर, संजय निषाद के नाम संभव

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह से यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गुरुवार को हुई मीटिंग के बाद चुनावी राज्य उत्तर प्रदेश में मंत्रिपरिषद विस्तार जल्द से जल्द होने की संभावना है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक अगले कुछ दिन के भीतर नए मंत्रियों के नाम तय हो जाएंगे। खराब प्रदर्शन वाले कुछ मंत्रियों को हटाकर जनता के बीच नाराजगी भी दूर की जा सकती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को दिल्ली के दौरे पर पहुंचे थे। इस दौरान उनकी गृहमंत्री अमित शाह के आवास पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और संगठन महामंत्री बीएल संतोष के साथ बैठक हुई थी। इस बैठक में उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और प्रदेश संगठन महामंत्री सुनील बंसल भी मौजूद थे। करीब तीन घंटे तक चली इस मीटिंग में उत्तर प्रदेश के राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह ने चुनावी तैयारियों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चर्चा की। पार्टी के भरोसेमंद सूत्रों ने बताया कि इस बैठक में उत्तर प्रदेश में सोशल इंजीनियरिंग के तहत अगले कुछ दिनों के भीतर मंत्रिपरिषद विस्तार पर भी चर्चा हुई। माना जा रहा है कि जल्द मंत्रिपरिषद विस्तार हो सकता है। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए जितिन प्रसाद, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीकांत बाजपेयी, निषाद पार्टी मुखिया संजय निषाद को मंत्री बनाया जा सकता है।

# मेरठ पहुँचा शहीद रामसिंह का पार्थिव शरीर, हर तरफ पसरा मातम



**मेरठ।** राजौरी जिले में आतंकियों से हुई मुठभेड़ में शहीद हुए जेसीओ राम सिंह का पार्थिव शरीर मेरठ पहुंच गया। शहीद का पार्थिव शरीर पहुंचते ही हर तरफ मातम पसर गया। वहीं अंतिम दर्शन के लिए उनके घर पर भीड़ उमड़ पड़ी। शव के घर पर पहुँचते ही पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। आसपास के लोग परिवार को संभालने में लगे हुए हैं। वहीं पत्नी रोते हुए बार-बार यही कह रही है कि अब रोज फोन कर कौन बच्चों के बारे में पूछेगा। जम्मू-कश्मीर के राजौरी में आतंकियों से हुई मुठभेड़ में मेरठ निवासी जेसीओ राम सिंह गुरुवार को शहीद हो गए। जेसीओ राम सिंह ने अंतिम समय में भी मातृभूमि के लिए अपना फर्ज अदा किया। गोली लगने के बाद भी उन्होंने जवाबी गोलीबारी में आतंकी को ढेर कर दिया था। बताया गया कि राम सिंह 27 जुलाई को एक महीने की छुट्टी के बाद ड्यूटी पर वापस गए थे। वे राष्ट्रीय राइफल्स रेजीमेंट में तैनात थे, इसलिए आतंकी ऑपरेशन में उनका अक्सर आना-जाना रहता था। बुधवार सुबह ही उन्होंने अपनी पत्नी अनीता भंडारी से फोन पर रोजाना की तरह बात की थी। शाम को परिजनों को सूचना मिली कि उनको गोली लगी है। शहीद राम सिंह छह महीने बाद रिटायर होने वाले थे। रिटायरमेंट के बाद परिवार के साथ रहने के उनके बड़े अरमान थे। लेकिन उनके अरमान अधूरे ही रह गए। राम सिंह के पांच बच्चों में दो बेटी प्रियंका रावत और करिश्मा नेगी की शादी हो चुकी है। सात साल से उनका परिवार मेरठ के ईशापुरम के बी-28 में रह रहा है। बेटा सोलन एमकॉम की पढ़ाई करते हुए सीडीएस की तैयारी कर रहा है। छोटी बेटी मीनाक्षी और मनीषा पढ़ रही हैं।





# सद्भावना दिवस पर कलक्ट्रेट मे दिलाई शपथ



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कलक्ट्रेट में एडीएम प्रशासन श्री सत्यप्रकाश ने कर्मचारियों को सद्भावना दिवस की शपथ दिलाई। उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी के जन्म दिवस को हर साल सद्भावना दिवस के रुप में मनाया जाता है। इस दौरान एडीएमई ने कहा कि सद्भावना का आशय एक दूसरे के प्रति अच्छी भावना रखना है। उन्होंने कहा कि भारत अनेकता में एकता वाला देश है यहां सभी भाई-चारे के साथ रहते हैं। उन्होंने कहा कि सभी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करें तथा देश व समाज के कल्याण के लिए कार्य करें। इस अवसर पर कर्मचारी मुकेश कुमार, दीपक कौशिक, नाजिर सदर राजेश कुमार, धर्मेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन का धरना लगातार 87वें दिन सिवाया टोल प्लाजा मेरठ पर जारी

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के पुत्र चरणसिंह टिकैत व मेरठ प्रभारी ओमपाल मलिक पहुँचे मेरठ, सिवाया टोल ध ारने से मेरठ कमेटी के साथ उन्होंन मवाना रोड के ग्राम चिंदोडी, ग्राम बना, मे की पंचायत। पंचायत की अध्यक्षता जगदीश आर्य ने की व संचालन मास्टर मनु काकरान ने की । ग्राम बना की पंचायत मे ग्रामीणो द्वारा चरणसिंह टिकैत व ओमपाल मलिक को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया व भेंट स्वरूप हल प्रदान किया । चरणसिंह टिकैत ने अपने संबोधन मे कहा कि 5 सितम्बर को मुजफ्फरनगर में होने वाली महापंचायत देश की सबसे बड़ी महापंचायत होगी इस महापंचायत का समर्थन देश प्रदेश मिल रहा है भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता गांव गांव जाकर किसान महापंचायत का प्रचार जोर शोर से कर रहें है अब हर ग्रामीण काले कानूनो पर लगातार 9 माह से चल रहे



आंदोलन को देशव्यापी स्वरूप देने की तैयारीयो की ओर अग्रसर हो रहा है और तानाशाह सरकार को किसान महापंचायत के आयोजन से किसान एकता की ताकत का अह्सास कराने का मन बना चुका है। ओमपाल मलिक ने सरकार को चेताया की किसानो को तथाकथित कहने वाले नेताओ को महापंचायत में किसानो की गिनती पर लगाना चाहिए ताकि उन्हे पता चले की देश मे भाजपा को छोड़कर पुरा देश तथाकथित की श्रेणी मे खड़ा है। आज के पंचायत कार्यक्रम मे मुख्य रूप से मनोज त्यागी, हरेन्द्र बना, शोसिंह प्रधान, विलियम प्रधान, उत्सव ललसाना, मनोज सांधन, धर्मपाल निलोया, मुन्नवर हसन, शोहित मुबारिकपुर ,बिजेंद्र बना, हरिओम, उज्जवल सरूरपुर, विनीत सांगवान, बबलू जिटोली, सुशील कुमार पटेल, शोभाराम, चन्द्रवीर, सोनू मसूरी, स्रवण सिंह, अजित प्रताप, अजय दहिंया, अमित चिंदोडी,गजेन्द्र दबतुआ, लव भराला, हर्ष चहल, अनुराग आदि उपस्थित रहे ।

# यूपी में पूर्ण बहुमत से दोबारा बनेगी भाजपा की सरकारः तीरथ सिंह



**विपुल जैन**

**बागपत।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत पिलाना गांव में सीटू त्यागी व राहुल त्यागी पुत्र सत्यबीर त्यागी के यहां पर एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल हुए। उनका यहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। इस मौके पर तीरथ सिंह रावत ने कहा कि उत्तर प्रदेश उनकी कर्मभूमि रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में उन्होंने कई उच्च पदों पर रहते हुए उत्तर प्रदेश में भी कई अहम जिम्मेदारियों को निभाया है। कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ–सबका विकास के नारे पर काम कर रही है। जो लोग किसानों को गुमराह कर आंदोलन कर रहे हैं, इससे भाजपा पर कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की पूर्ण बहुमत से दोबारा सरकार बनेगी। गांव के बुजुर्ग लोगों ने उनका शश्वल व पटका ओढ़ाकर अभिनंदन किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान संजय त्यागी, प्रोफेसर सुरेश प्रकाश, मास्टर मदन, मोहन त्यागी, जनार्दन, जोगिंद्र, नरेंद्र, सुरेंद्र, सोनू त्यागी, मुकेश, अवधेश आदि थे।

# सपा महिला सभा जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन



**विपुल जैन**

**बागपत।** सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष डॉ सीमा यादव ने अपनी जिला कार्यकारिणी का गठन कर दिया है। उन्होंने जिला कार्यकारिणी में शहनाज चौधरी को उपाध्यक्ष, नईमा खान को महासचिव, आसमां को उपाध्यक्ष, रामवती को उपाध्यक्ष, कविता गिरी को कोषाध्यक्ष, कोमल यादव को खेकड़ा ब्लॉक अध्यक्ष, बलकिसा को सचिव समेत 31 सदस्यीय कार्यकारणी गठित की है। इस अवसर पर डॉ सीमा यादव ने महिलाओं को समाजवादी नीतियों से अवगत कराया और उनसे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की बात कही। कहा कि आज प्रदेश में महिलाओ और बच्चियों के साथ अपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं, जिसका जनपद में सपा महिला सभा विरोध करेगी। इस अवसर पर प्रमुख रुप से सपा प्रबुद्ध सभा के जिलाध्यक्ष नगेन्द्र सिंह ,जिला महासचिव डॉ शकील अहमद , अमित यादव, शाने –ए –आलम, सीमा वाल्मिकी, सलमा, जबीरन, हिना खान ,रिहाना,कुन्तेश, समीना आदि थे।

# पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गांधी जी के 77 वें जन्मदिन के अवसर किया पौधा रोपण



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गांधी जी के 77 वें जन्मदिन के अवसर पर वार्ड 39 ब्रह्मपुरी के अध्यक्ष अंकित गौतम, महामंत्री अशोक शर्मा, महानगर उपाध्यक्ष रोहताश भईया व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रशांत कौशिक ने साई पुरम स्थित वृद्धाश्रम अपना घर में रह रहे बुजुर्गो को फल वितरित किये व पंचायत राज के जनक राजीव गांधी की जयंती पर प्रतीक स्वरूप 5 पौधे लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पार्थ गौतम, मनीष ,अजय का सहयोग रहा।

# विश्व हिन्दू परिषद की महिला ने इंस्पेक्टर रक्षा सूत्र बांधकर लिया रक्षा का वचन



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** कंकरखेड़ा थाने मे विश्व हिंदू परिषद कि महिला कार्यकर्ता रंजना वर्मा ने अपनी सहयोगी महिलाओं के साथ थाने पहुची । जहाँ उहोंने इंस्पेक्टर कंकरखेड़ा तपेश्वर सागर व नंगलाताशी चौकी प्रभारी फरीद अहमद और अन्य स्टाफ को राखी के त्यौहार के चलते रक्षा सूत्र बांधकर मिष्ठान खिलाकर रक्षा का लिया वचन।

# भाजपा महानगर अध्यक्ष ने घोषित किये विभागों के संयोजक











**मेरठ दर्पण–मेरठ।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंघल ने आज अनेको विभाग के महानगर संयोजक ओर सह संयोजक नियुक्त किये जिनमे कंकर खेड़ा मण्डल से मनमोहन विग को कानूनी और विधिक विषय विभाग व कंकरखेड़ा मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष गुल्लू ठाकुर को चुनाव आयोग संपर्क विभाग का महानगर संयोजक व सचिन त्यागी को राष्ट्रीय प्रशिक्षण अभियान का महानगर सहसंयोजक नियुक्त किया गया। साथ ही डश्वक्टर विजय शर्मा को सुशासन तथा केंद्र राज्य शासकीय कार्यक्रम सामान्य विभाग का मेरठ महानगर के संयोजक व आशीष अग्रवाल को भाजपा मेरठ महानगर के मीडिया विभाग का संयोजक नियुक्त किया।

# महगाई, बेरोजगारी, कारोबार ठप्प होने से जनता बदहालः मनजीत सिंह



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेश भर मे 75वे स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष मे महा जन सम्पर्क अभियान तहत ऊ,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य स–मनजीत सिंह कोछड़ एव वार्ड–23 ककंर खेड़ा ,सुभाष पुरी के अध्यक्ष के,के,शर्मा ने आज स्व–राजीव गाँधी जी की जयन्ती पर उन्हे नमन करते हुए कंकर खेड़ा मे दर्जनो घरो मे एव चौपलो पर व्यापक जन संपर्क अभियान चला कर आमजन से मिलकर वर्तमान परिस्थितो पर चर्चा कर उनके विचारो को जाना। मनजीत सिंह कोछड़ ने बताया हर आम नागरिक वर्तमान सरकार के रवैये से क्षुब्ध है। महगाई,निरन्तर बढ़ती कीमते,बेरोजगारी,कारोबार ठप्प होने से जनता बदहाल होकर, नाकम साबित हो चुकी भाजपा सरकार से पीछा छुड़ाना चाहती है!और उम्मीदो से कांग्रेस की ओर देख रही है। क्योकि त्रस्त जनता की राहत के लिए प्रदेश सरकार के पास कोई ठोस योजना नही है। जनता अब परिवर्तन चाहती है।कोछड़ ने कहा चारो ओर बदलाव की बयार बहने लगी है और 2022 मे ऊ,प्रदेश मे कांग्रेस की सरकार आना निश्चित है।

# एनवायरमेंट क्लब ने मनाया वृक्षाबंधन, पेड़ों को रक्षा सूत्र बांध लिया प्रकृति संरक्षण का संकल्प




**मेरठ दर्पण–मेरठ।** एनवायरमेंट क्लब की ओर से मेरठ की ऑर्चिड ग्रीन सोसाइटी, बिजली बंबा बायपास में वृक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें क्लब सदस्यों ने पूर्व में लगाए गए पेड़ों को रक्षासूत्र बांधकर प्र ति संरक्षण का संकल्प लिया, क्लब की टीम में कनेर, एलिस्टोनिया, जामुन, शीशम, अर्जुन, कांजी, नीम आदि पेड़ों को रक्षासूत्र बांधा। क्लब संस्थापक सावन कन्नौजिया ने कहा कि हम प्रतिवर्ष वृक्षाबंधन मना कर पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधते है, संकल्प लेते हैं कि हम उनकी रक्षा करेंगे और प्र ति संरक्षण के लिए हम युवा हमेशा अग्रसर रहेंगे। और कहा कि वृक्षाबंधन आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि लोगों का प्र ति से जुड़ाव बना रहे और हम इस दिन पेड़ों को रक्षासूत्र बांध उनके प्रति तज्ञता व्यक्त करते हैं। आज चारों तरफ वायु प्रदूषण है, अंधाधुन पेड़ों की कटाई, जलस्तर का लगातार नीचे गिरना हमारे भविष्य को संकट की ओर ले कर जा रहा है और यदि हम आज नहीं सुधरे तो आने वाला कल ऐसा होगा जहां पीने के लिए पानी नहीं होगा, सांस लेने के लिए शुद्ध वायु नहीं होगी इसलिए हमें आज से सुधारना होगा क्योंकि यदि हम वर्तमान सुधार लेंगे तो भविष्य स्वतरू ही सुरक्षित हो जाएगा। इस अवसर पर क्लब के सदस्य खासकर महिला सदस्यों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया गया और सभी भाइयों ने यह संकल्प लिया कि रक्षाबंधन से पूर्व जिन्होंने व्यक्ति नहीं लगवाई हुई है वें अपनी बहनों को वैक्सीन लगवा कर उन्हें वैक्सीन का तोहफा देंगे, ताकि हम अपने देशध अपने विश्व और अपने समाज को एक अच्छे स्वस्थ भविष्य की ओर ले कर जा सके। इस अवसर पर आज मुख्य रूप से सावन कनौजिया, प्रतीक शर्मा, विधि कौशिक, दिव्यांशी पराशर, हर्ष वर्मा, प्रियांशु, आशीष मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# व्यापारियों ने किया सीएम का किया धन्यवाद



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** उत्तर प्रदेश में रविवार का लॉकडाउन खत्म करने के लिए संयुक्त व्यापार संघ निर्वाचित अध्यक्ष नवीन गुप्ता, महामंत्री संजय जैन के लगातार प्रयासों से जिलाधिकारी मेरठ को कई बार ज्ञापन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम दिए गए और आज भी ज्ञापन दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्योहारों व व्यापारी हित को देखते हुए हमारे प्रार्थना पत्रों को संज्ञान में लेकर समूचे उत्तर प्रदेश से लॉकडाउन की प्रक्रिया को समाप्त कर दिया जिससे संपूर्ण मेरठ उत्तर प्रदेश के व्यापारी वर्ग में खुशी की लहर है संयुक्त व्यापार संघ निर्वाचित मुख्यमंत्री का समूचे मेरठ के व्यापारियों की ओर से धन्यवाद करता है आज एडीएम सिटी नगर से मिलने वालों में नवीन गुप्ता, संजय जैन, उपाध्यक्ष संजीव रस्तोगी, नरेंद्र सिंह करनैल, गौरव शर्मा, मंत्री अनुज सिंघल, लल्लू मक्कड़, परविंदर त्यागी, संजीव जिंदल, राकेश गुप्ता लोहिया, अमित बंसल मीडिया प्रभारी आदि व्यापारी नेता उपस्थित थे

# सद्भावना दिवस पर कलेक्ट्रेट में अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई शपथ



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** सदभावना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी महोदय श्री चंद्रभूषण सिंह ने कलक्ट्रेट में अधिकारी व कर्मचारियों को पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर सदभावना दिवस की शपथ दिलाते हुए सभी को सभी धर्मों,भाषाओं और क्षेत्रों के लोगों के बीच राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया है। इस मौके पर एडीएम वित्त श्री आलोक कुमार व एडीएम प्रशासन श्री अमित सिंह सहित कलक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

# 21 अगस्त को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में होगा मिशन शक्ति का भव्य कार्यक्रम

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुघ्न कनौजिया ने बताया कि दिनांक 21 अगस्त 2021 को प्रातः 10:00 बजे से चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में मिशन शक्ति के तृतीय चरण के अंतर्गत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा द्य इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी होगा तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 75 महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा द्य उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में माननीय जनप्रतिनिधि गण, अधिकारीगण, प्रबुद्धजन गणमान्य लोग, आमजन उपस्थित रहेंगे।

# सपा मजदूर सभा के विधानसभा अध्यक्ष बने मांगेराम




**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** सपा कार्यालय पर आयोजित मीटिंग में समाजवादी मजदूर सभा जिलाध्यक्ष नासिर राणा ने मंसूरपुर निवासी माँगेराम को खतौली विधानसभा का अध्यक्ष मनोनीत किया है। मीटिंग में सपा नेता जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन,पूर्व महानगर अध्यक्ष अंसार आढ़ती व सपा जिला महासचिव जिया चौधरी ने मजदूर सभा के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए मजदूर हितों के मुद्दे प्रमुखता से उठाने के लिए अपील की ।म जदूर सभा जिलाध्यक्ष नासिर राणा ने सभी पदाधिकारियों से एकजुट होकर आगामी विधानसभा चुनाव में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के मिशन को मजबूत करने का आह्वान किया।मीटिंग में मुख्य रूप से दुर्गेश कुमार यादव,नवेद रँगरेज,अहसान अंसारी,साबिर हव्वारी, अनुज प्रजापति,संदीप कुमार,दीपक बजाज,दिव्यम सिंह आदि पदाधिकारी मौजुद रहे।

# मिशन शक्ति के तीसरे चरण की शुरुआत 21 अगस्त से

**मुजफ्फरनगर ।** मिशन शक्ति अभियान के तीसरे फेस का शुभारंभ कार्यक्रम 21 अगस्त 2021 शुक्रवार को पूर्वाहन 11 बजे से कलेक्ट्रेट स्थित जिला पंचायत सभागार से जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में होगा। मिशन शक्ति के फेस 1 एवं फेस 2 में तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 75 महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। दिनांक 21 अगस्त 2021 शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित जिला पंचायत सभागार में जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मिशन शक्ति के तीसरे फेस का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित होगा। यह कार्यक्रम पूर्वाहन 11:00 बजे से शुरू होकर अपराहन 1:00 बजे तक संचालित रहेगा। कार्यक्रम के प्रारम्भ में लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से मुख्यमंत्र की उपस्थिति में अयोजित होने वाले मिशन शक्ति के शुभारम्भ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण होगा। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदेश में 21 अगस्त 2021 से माह दिसंबर 2021 तक मिशन शक्ति के तीसरे चरण को संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। जनपद मुजफ्फरनगर में भी मिशन शक्ति अभियान का तीसरा चरण प्रारंभ हो रहा है। सभी संबंधित विभागों द्वारा कार्य योजना बनाकर कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा। सभी विभागों द्वारा लाभार्थीपरक योजनाओं से महिलाओं को जोड़ा जाएगा। मिशन शक्ति के शुभारंभ कार्यक्रम में जनपद की 75 ऐसी महिलाएं जिन्होंने मिशन शक्ति के प्रथम और दूसरे फेस में तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है उन्हें सम्मानित किया जाएगा।



**जिलाधिकारी चन्द्र भूषण सिंह के निर्देशों पर एस डी एम सदर दीपक कुमार एवं प्रदूषण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भोपा रोड स्थित पेपर इंडस्ट्री में प्रदूषण विभाग के मानकों की जांच की गई। मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्यवाही किये जाने की चेतावनी दी गयी।**

# पालिका के सफाई कर्मचारियों ने दिया धरना, वादा खिलाफ का आरोप



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका के खिलाफ धरने पर बैठे सफाईकर्मियों ने पालिका पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया है। सफाई कर्मचारी यूनियन मु.नगर के द्वारा सफाई कर्मचारियो की समस्याओ के समाधान हेतू पालिका प्रशासन को सौंपे गए मांग पत्र की समय सीमा व्यतीत हो जाने पर पालिका प्रांगण मे धरना-प्रदर्शन कर पालिका प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज कर अपनी मांगो को जल्द से जल्द पुरा करने के लिए पालिका प्रशासन से मांग की गई, सफाई कर्मचारी संघ द्वारा अपनी मांगो को पुरा करने के लिए पूर्व में भी कई बार पालिका प्रशासन को सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए मांग पत्र दिये गये, जिन पर कई बार पालिका प्रशासन के उच्चाधिकारियों के साथ समझौता वार्ता भी हो चुकी है लेकिन फिर भी पालिका प्रशासन अपने वायदे से मुकर रहा है और कोई भी समझौता सफाई कर्मचारियो के हित में लागू नही कर रहा है जिस कारण सफाई कर्मचारियों में उनके हितो की अनदेखी पर नाराजगी है। सफाई कर्मचारियो की मांगे पूरी होने तक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा । धरना-प्रदर्शन मे मुख्य रूप से चमन लाल ढिंगान अध्यक्ष, अरविंद कुमार उर्फ सोनू मचल महामंत्री, अजय कुमार सफाई नायक, जितेंद्र कुमार सफाई नायक, शिवकुमार सफाई नायक, सुरेंद्र कुमार सफाई नायक, राजेश कुमार सफाई नायक, सूरज प्रकाश सफाई नायक, सोनू बिड़ला एडवोकेट, देवी प्रसाद सफाई नायक, मिलन सिंह, संजय भारती, सोमपाल सफाई नायक भूषण लाल सफाई नायक, प्रदीप गहलोत, अजीत चड्ढा, संजय नवजोत, राजेन्द्र, सुनील पारचा, किशोरी लाल रणजीत, सरोज सुधा, रजनी, कोमल, व कार्यकारिणी के समस्त सदस्य मौजूद रहे।

# नई मंडी मंडल में एक सप्ताह के लिए बढ़ा वोटर कैम्प



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी सभासद विपुल भटनागर के नई मंडी गौशालाके सामने स्थित प्रतिष्ठान 75-ठ ,नई मंडी , मुजफ्फरनगर पर भाजपा नई मंडी मंडल अध्यक्ष राजेश पराशर के नेतृत्व में 18 वर्ष से अधिक हो चुके नागरिकों की वोट बनाने के सात दिवसीय कैम्प को नागरिकों की माँग पर सात दिन के लिए और बढ़ा दिया गया अब ये कैम्प 26 अगस्त तक सुबह 10बजे से शाम 3 बजे तक रोज जारी रहेगा । मंडल अध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि लोकतंत्र में वोट प्रत्येक नागरिक का अधिकार है इसलिए अपनी वोट अवश्य बनवाए हमारा प्रयास है की प्रत्येक बूथ पर वोट बनाने के कैम्प का आयोजन हो आज इस अवसर पर श्रीमोहन तायल जी का प्रदेश सहसंयोजक स्वच्छ भारत मिशन व प्रभारी बिजनौर बनने व श्रसुखदर्शन सिंह बेदी जी को उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी के सदस्य नामित होने व श्री रूपेन्द्र सैनी जी को क्षेत्रीय महामंत्री पिछड़ा मोर्चा व भूदेव सिंह को प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के संयोजक नामित होने पर नई मंडी मण्डल के द्वारा सब को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी इस अवसर पर सभासद गण श्री विपुल भटनागर, विकास गुप्ता, श्री प्रियांशू जैन, श्री बश्वेश्वर दयाल, श्री विशाल गर्ग,श्री पंकज माहेश्वरी,श्री योगेश चौधरी,श्री हिमांशु कौशिक, अर्श सिंगल,श्रीमती सीमा गोस्वामी,श्रीमती रोशनी विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

## सद्भावना दिवस पर खतौली थाने मे प्रभारी यशपाल सिंह ने सभी पुलिसकर्मियों को दिलाई प्रतिज्ञा



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** खतौली थाना परिसर में सद्भावना दिवस के अवसर पर थाना प्रभारी यशपाल सिंह के नेतृत्व में समस्त पुलिसकर्मियों को सद्भावना दिवस की प्रतिज्ञा दिलाई गई जिसमें भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करने तथा सभी प्रकार के मतभेद सुलझाने की प्रतिज्ञा ली गई। शपथ में कहा गया है कि "मैं प्रतिज्ञा करता हूं कि मैं जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करूंगा।मैं पुन: प्रतिज्ञा करता हूँ कि मैं हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाउंगा। और हर हर प्रकार से सामाजिक सद्भावना के लिए कार्य करूंगा



**मुजफ्फरनगर की पुरकाजी विधानसभा की बैठक में प्रदेश के उपाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी का भाजपा नेताओं द्वारा स्वागत किया गया, क्षेत्रीय विधायक प्रमोद ऊंटवाल, जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, भाजपा जिला मंत्री वैभव त्यागी आदि उपस्थित रहे**



## मुजफ्फरनगर के थाना मीरापुर क्षेत्र के सिखरेड़ा के जंगल में अज्ञात युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप,पुलिस जांच में जुटी

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर के थाना मीरापुर क्षेत्र के ग्राम सिखरेड़ा के जंगल में अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई जैसे ही अज्ञात युवक का शव मिलने की सूचना ग्रामीणों को मिली तो वहां हड़कंप मच गया और ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई अज्ञात युवक के शव की जानकारी वहां से गुजर रहे खेतों में काम करने के लिए जा रहे किसानों ने पुलिस को दी मिली जानकारी के अनुसार लगभग 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिला है जिसकी पहचान करने के लिए पुलिस जुट गई मौके पर जाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है

## सद्भावना दिवस पर चरथावल थाना प्रांगण में चरथावल थाना प्रभारी महेंद्र पाल सिंह ने सभी पुलिसकर्मियों को दिलाई प्रतिज्ञा



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल प्रांगण में सद्भावना दिवस के अवसर पर चरथावल थाना प्रभारी महेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में समस्त पुलिसकर्मियों को सद्भावना दिवस की प्रतिज्ञा दिलाई जिसमें भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करने तथा सभी प्रकार के मतभेद सुलझाने की प्रतिज्ञा ली गई। शपथ में कहा गया है कि "मैं प्रतिज्ञा करता हूं कि मैं जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करूंगा।मैं पुन: प्रतिज्ञा करता हूँ कि मैं हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाउंगा। इस अवसर पर चरथावल थाना प्रभारी एमपी सिंह,कुटेसरा चौकी इंचार्ज ओमेंद्र सिंह,दधेडु चौकी इंचार्ज सजंय राणा,हिंडन चौकी इंचार्ज जयप्रकाश भास्कर,बिरालसी चौकी इंचार्ज आदित्य भाटी, शैलेश, विनीत,महेंद्र, मनोज आदि मौजूद रहे।

# हिंदुत्व की रक्षा के लिए जनपद में बहुत शीघ्र होगा त्रिशूल धारण का कार्यक्रमः प्रवीण इष्टधारी

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।**अखिल भारतीय हिंदू शक्ति दल की मुजफ्फरनगर जिला इकाई द्वारा शहर के अग्रवाल मार्केट स्थित हिंदू शक्ति दल के उत्तर प्रदेश संरक्षक सुभाष चौहान के कार्यालय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संरक्षक सुभाष चौहान के द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन हिंदू शक्ति दल के महासचिव अरुण प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर हिंदू शक्ति दल के जिलाध्यक्ष डॉक्टर संजीव शर्मा द्वारा कार्यक्रम में हरियाणा प्रदेश के रेवाड़ी जिले से बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे संगठन के राष्ट्रीय सचिव व हरियाणा प्रदेश प्रभारी प्रवीण भारद्वाज इष्टधारी का मोमेंटो एवं फूल मालाओं द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय सचिव द्वारा संगठन के विकास व विस्तार से संबंधित चर्चा जनसभा के दौरान की गई साथ ही हिंदू युवाओं को प्रेरित करते हुए संदेश दिया गया आज हमारे समाज में हमारी संस्ति की मूल पहचान के लिए शस्त्र और शास्त्र की और उसकी जानकारी और उसकी शिक्षा की आवश्यकता आन पड़ी है, हमारे बच्चों को सामाजिक मामलों में ज्यादा से ज्यादा हिस्सा लेना चाहिए, जो संस्ति और बहन बेटियों की रक्षा के लिए हर समय तैयार हो और अपनी संस्ति के लिए मर मिटने को तैयार हो, उसी को सही मायने में हिंदू कहा जाता है क्योंकि हमारे धर्म में नारी का आदर और संस्ति का सम्मान सबसे पहले सिखाया गया है। राष्ट्रीय सचिव परवीन भारद्वाज ईस्ट धारी ने यह घोषणा की कि पिछले काफी समय से त्रिशूल धारण का कार्यक्रम अखिल भारतीय हिंदू शक्ति दल की ओर से नहीं किया गया है, कोविड काल से पूर्व दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यालय पर त्रिशूल धारण का कार्यक्रम किया गया था, अब समय आ गया है की उत्तर प्रदेश में भी त्रिशूल धारण का कार्यक्रम किया जाए, इसकी शुरुआत बहुत शीघ्र उत्तर प्रदेश के जनपद लक्ष्मी नगर से की जाएगी। राष्ट्रीय सचिव ने बताया की अखिल भारतीय हिंदू शक्ति दल राष्ट्रीय स्तर पर एक अकेला ऐसा राष्ट्रीय हिंदू संगठन है जिसको त्रिशूल धारण कराने की मान्यता प्राप्त है, लक्ष्मी नगर में त्रिशूल धारण कराने के पश्चात प्रदेश के अन्य जिलों में भी त्रिशूल धारण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ।

मुजफ्फरनगर शहर में कार्यक्रम करने से पूर्व राष्ट्रीय सचिव एवं हरियाणा प्रभारी प्रवीण भारद्वाज ;षि मुनियों की नगरी शुक्रताल स्थित अखिल भारतीय हिंदू शक्ति दल के कार्यालय श्री बालाजी योगपीठ पर हिंदू शक्ति दल की राष्ट्रीय संरक्षक परम योगिनी मां राज नंदेश्वरी जी के पास पहुंचे



एवं उनके साथ दल के प्रचार प्रसार के विषय में चर्चा की।शुक्रताल में चर्चा के दौरान दल के राष्ट्रीय महासचिव अरुण प्रताप सिंह एवं उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रमा जी भी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में कार्यक्रम का आयोजन करने व कार्यक्रम की सफलता के लिए जिलाध्यक्ष डॉ संजीव शर्मा व संगठन के अन्य पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि ने शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महेंद्रगढ़ जिलाध्यक्ष शरणानंद यादव, समाजसेवी सुनील शर्मा ढाणी कोलाना, सामाजिक कार्यकर्ता संगठन की महिला प्रदेश सचिव दया देवी भारद्वाज ,भाजपा नेत्री प्रिया कौशिक भारद्वाज, डॉक्टर विकास भारद्वाज, रमेश पांचाल, श्रवण मोगा, हेमंत ग्रोवर, पंकज त्यागी, सतीश मलिक, अनमोल रतन छाबड़ा, पवन मित्तल, संजय मिश्रा, पंकज ठाकुर, सुनील सिंघल, संदीप कौशिक, आशुतोष खन्ना ,सनत सोलंकी, सचिन त्यागी , दिव्य प्रताप सोलंकी , सुबोध जैन ,राजेश जुनेजा, संजीव वर्मा आदि हिंदू वीर उपस्थित रहे।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैंट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोनः 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।